सप्तदश बिहार विधान सभा

नवम् सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचना बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-11.07.2023 के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री विजय कुमार खेमका, स०वि०स०,	''पूर्णियाँ जिला में सड़क दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रही है, जबकि पिछले 23 महीने के आंकड़े पर गौर करें तो नवम्बर, 2022 तक 416 सड़क दुर्घटनाओं में 357 लोगों की मौत हो चुकी है तथा 270 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं । दुर्घटना से बचाव के लिए जिला अंतर्गत सभी सड़कों पर ब्लैक स्पॉट के साथ-साथ साईनेज लगाने की अति आवश्यकता है । अतएव पूर्णियाँ जिला में लगातार हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए सभी सड़कों पर ब्लैक स्पॉट के साथ-साथ साईनेज लगाने हेतु मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूँ ।''	परिवहन / पथ निर्माण

2.	श्री अजीत शर्मा, स०वि०स० श्री छत्रपति यादव, स०वि०स० श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी, स०वि०स० श्री संतोष कुमार मिश्र, स०वि०स० श्री राजेश कुमार, स०वि०स०	''बिहार राज्य में शिक्षकों की भर्त्ती बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा करने हेतु विज्ञापन संख्या-26/2023 प्रकाशित किया गया है, जिसके रजिस्ट्रेशन एवं फॉर्म भरने की अँतिम तिथि दिनांक-12.07.2023 है । बिहार लोक सेवा आयोग की जो वेबसाईट है वह या तो खुलती ही नहीं है और यदि सौभाग्यवश खुल भी जाती है तो वह इतनी स्लो है कि उससे न रजिस्ट्रेशन हो पा रहा है और न ही फॉर्म भरा जा रहा है । स्लो रहने के कारण बार-बार लॉग आउट हो जा रहा है । बिहार के करोड़ों अभ्यर्थी व्याकुल हैं, परेशान हैं । अँतिम तिथि को देखते हुए रात-दिन एक कर 24 घंटे फॉर्म भरने का प्रयास कर रहे हैं परन्तु फिर भी सफल नहीं हो पा रहे हैं यदि रजिस्ट्रेशन एवं फॉर्म करने की तिथि नहीं बढ़ायी जाती है तो स्थिति विस्फोटक हो सकती है । अत: बिहार लोक सेवा आयोग की वेबसाईट की स्थिति को देखते हुए शिक्षक पद हेतु रजिस्ट्रेशन एवं फॉर्म भरने की तिथि कम से कम 31 अगस्त, 2023 तक बढ़ाये जाने हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।''	शिक्षा / सामान्य प्रशासन

पवन कुमार पाण्डेय
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-21/2023- 2510 / वि०स०, पटना, दिनांक- 10 जुलाई, 2023 ई० ।

प्रति:- माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(संजीव कुमार) 10/07/23
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-21/2023- 2510 / वि०स०, पटना, दिनांक- 10 जुलाई, 2023 ई० ।

प्रति:- माननीय मुख्यमंत्री के आप्त सचिव / माननीय उप मुख्यमंत्री के आप्त सचिव एवं माननीय मंत्रिगण के आप्त सचिव को क्रमशः माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्री एवं मंत्रिगण के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(संजीव कुमार) 10/07/23
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-21/2023- 2510 / वि०स०, पटना, दिनांक- 10 जुलाई, 2023 ई० ।

प्रति:- मुख्य सचिव, बिहार / राज्यपाल के प्रधान सचिव, बिहार / कार्यकारी सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना उच्च न्यायालय / संसदीय कार्य विभाग / परिवहन विभाग / पथ निर्माण विभाग तथा शिक्षा विभाग / सामान्य प्रशासन विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(संजीव कुमार) 10/07/23
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-21/2023- 2510 / वि०स०, पटना, दिनांक- 10 जुलाई, 2023 ई० ।

प्रति:- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / माननीय उपाध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / प्रभारी सचिव के प्रधान आप्त सचिव को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

(संजीव कुमार) 10/07/23
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।
10/7/23